हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 दिसंबर 2025
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 पांच साल भी नहीं चल सकी सड़क, जगह जगह से ...



09 भूमि विवादों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त...



### एसआईआर कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक संपन्न

# एसआईआर नागरिक अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण आधार है: मुकाती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का प्रथम चरण कार्य को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के जिला प्रभारी बहादुर मुकाती तथा वरिष्ठ जनों द्वारा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे एसआईआर कार्य का प्रथम चरण अब अंतिम दौर में है। इस कार्य को लेकर शनिवार को स्थानीय बगलामुखी मंदिर के समीप भंडारा परिसर पर भाजपा एसआईआर जिला प्रभारी बहादुर मुकाती ने नलखेड़ा, धरोला, बडागांव मंडल के कार्यकताओ की समीक्षा बैठक ली।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक लोढ़ा, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरू सिंह चौहान, बड़ागांव मंडल अध्यक्ष दरबार सिंह, धरोला मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, गिरिराज पुरोहित, शिवनारायण भिलाला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बड़ागांव उदय सिंह यादव, नगर परिषद नलखेड़ा अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, प्रवेश गुप्ता, लाड सिंह राजपूत, मंडल महामंत्री बिरम मालवीय आदि उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मुकाती ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक संवैधानिक प्रक्रिया होने के साथ साथ लोकतंत्र को सुरक्षा, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि एस आई आर अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ें और कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल चुनाव के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रीय निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहाकि बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरूक करें। क्योंकि एस आई आर का यहां कार्य केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि ये लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने वाला जन अभियान है। पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरुक करना होगा और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान अब 11 दिसंबर तक चलेगा और इस अवधि में ज़िले के सभी मंडल और बूथ समितियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़े इसके साथ ही विवाह के बाद परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों के नाम को जोड़ाना भी आवश्यक है। बैठक को जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने भी संबोधित किया। बैठक का शुभारंभ श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पन से हुआ। आभार मंडल महामंत्री बीरमलाल मालवीय ने व्यक्त किया।

### अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

# बीईओ ने किया औचक निरीक्षण नगर का स्कूल ही मिला बंद






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शनिवार को विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर के डोकरपुरा का स्कूल बंद मिला तथा अन्य स्कूलों में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश त्रिवेदी द्वारा विकासखंड के एकीकृत मावि ताखला एकीकृत मावि हिरणखेड़ी उमावि मोल्याखेड़ी प्रावि मोल्याखेड़ी प्रावि धरौला हाई स्कूल धरोला प्रावि डोकरपुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रावि डोकरपुरा दोपहर 2.45 बजे पर बंद पाया गया। ग्राम ताखला में सीताराम गोठी बालकृष्ण तेजरा हिरणखेड़ी में राहुल पाटीदार मोल्याखेड़ी में नंदकिशोर बांसिया धरोला में विशाल जैन अनुपस्थित पाए गए, साथ ही विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति कम पाई गई। बीईओ डॉ त्रिवेदी द्वारा हायर सेकेंडरी मोल्याखेड़ी में छात्रों से संवाद कर परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक लाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के सभी शासकीय स्कूल प्रातः 10.30 से सायं 4.30 बजे तक लगाने एवं शिक्षकों को आधा घंटे पूर्व स्कूल पहुंचने व आधे बाद तक स्कूल में उपस्थित रहने के निर्देश हैं बावजूद स्कूल समय में शिक्षकों की अनुपस्थिति दर्शा रही है कि वे निर्देशो के पालन के प्रति गंभीर नही है। बीईओ द्वारा किये गए औचक निरीक्षण में सबसे आश्चर्यजनक तथ्य सामने आया कि शिक्षक कितने बेखौफ है कि शिक्षा विभाग के नगर में स्थित बीईओ व बीआरसीसी कार्यालय के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय डोकरपुरा ही बंद पाया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि जब नगरीय क्षेत्र के स्कूल नही खुल रहे है या समय से पूर्व बंद हो रहे हैं तो ग्रामीण क्षेत्र के हालात क्या होंगे। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा शिक्षकों के नियत समय पर स्कूल पहुंचने व नियत समय तक स्कूल में उपस्थित रहने के लिए ही ई अटेंडेंस प्रारम्भ की गई है। लगता है कि इसका विरोध उक्त प्रकार के स्कूल से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक ही कर रहे हैं। शिक्षा विभाग के हर स्तर के अधिकारियों को इस प्रकार का औचक निरीक्षण करने की आवश्यकता है जिससे कि शासकीय स्कूलों की व्यवस्था में सुधार हो सके।

# महाविद्यालय में डॉ अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय सरदार पटेल शासकीय महाविद्यालय में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री अभि गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में व्याख्यान माला एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रो संतोष कुमार कुमावत, डॉ सुखदेव बैरागी, महेन्द्र सिंह गुजराती, अनिल प्रजापति एवं अभि गुर्जर ने डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा राष्ट्र एवं संविधान निर्माण में दिए गए योगदान पर विचार व्यक्त किए गए तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सर्वेश व्यास ने किया एवं आभार डॉ आशीष साखंला ने व्यक्त किया। इस अवसर डॉ गोपाल कुरील महेश कुमार गोयल सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## फर्जी स्टाम्प के सहारे धोखाधड़ी, बिलकिसगंज निवासी दो भाइयों पर मामला किया गया दर्ज

**सीहोर।** कोतवाली थाना पुलिस ने बिलकिसगंज स्थित शांति मेडिकल के संचालक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा उसके छोटे भाई अशोक विश्वकर्मा पर धोखाधड़ी और अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया गया है। दोनों भाइयों पर फर्जी स्टाम्प के सहारे एक व्यक्ति को धमकाकर 35 लाख मांगने का आरोप है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी राजू विश्वकर्मा निवासी सुदेश नगर ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि आरोपी लक्ष्मी नारायण और अशोक विश्वकर्मा 02 अक्टूबर को अपनी मां के साथ उनके घर आए, वह अपने साथ वर्ष 2011 का एक फर्जी किरायानामा अनुबंध लेकर आए थे। अनुबंध में 2.5 लाख चेक द्वारा देने की बात कही गई थी और आरोपी अब ब्याज सहित 35 लाख की मांग कर रहे थे। मना करने पर उन्होंने धमकी दी थी।

# संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर के पुराना बस स्टैंड रविदास साहब मंदिर चौराहे पर संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहब के जीवन पर गौरीशंकर सूर्यवंशी ने अपने विचार रखते हुए कहा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा जिन्होंने अपने घर परवाह की परवाह न करते हुए संविधान बनाया। भारत के संविधान में सभी को बराबरी का हक अधिकार दिलाया अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग सामान्य वर्ग सभी वर्ग का ध्यान रखते हुए ऐसा संविधान का निर्माण किया जिसका सम्मान विदेश में भी होता है।

संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की स्टैचू अभी वर्तमान में भी ऑस्ट्रेलिया में स्टैचू लगाया गया। 6 दिसंबर के दिन बाबा साहब ने आखरी सांस दिल्ली में ली थी। इस मौके पर उपस्थित कानड़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल,पार्षद बाबूलाल सूर्यवंशी, अनुसूचित जाति कांग्रेस महामंत्री सिद्धू लाल मालवीय पूर्व सरपंच नारायण सिंह अहिरवार बाबूलाल मंडोर,पप्पू भाई फल फ्रूट रोड सिंह सिसोदिया सलीम भाई रमेश सूर्यवंशी हरिनारायण सूर्यवंशी गोविंद पवार, पीरुलाल गुजराती आदी उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के क्रम में सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। शनिवार को प्रार्थना सभा के दौरान संस्था के विद्यार्थियों को तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभाव कैंसर दाँतो की सड़न पेट का अल्सर दिल की बीमारी आदि की जानकारी उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर ने दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टॉफ साथियों को तम्बाकू मुक्त जीवन की शपथ शिक्षक मुकेश चौरसिया ने दिलवाई। विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी तम्बाकू सेवन से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। इस जनजागरुकता का उद्देश्य युवाओं में तम्बाकू विरोधी चेतना को बढ़ावा देना और एक स्वस्थ तम्बाकू मुक्त भारत का निर्माण करना है। विद्यालय में तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का बोर्ड भी लगाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### पैरा लीगल वालेंटियर्स व पैनल लायर्स के लिए कार्यक्रम आयोजित

# न्याय से कोई भी गरीब वंचित न रहे : मुख्य न्यायाधीश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

खजुराहो में मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर द्वारा पैरा लीगल वालेंटियर्स एवं पैनल लायर्स के लिए उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आगर मालवा जिला एवं तहसील सुसनेर के समस्त न्यायाधीशगण, पैरा लीगल वालेंटियर्स एवं पैनल लायर्स ने प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान के नेतृत्व में देखा गया।

कार्यक्रम में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जितेन्द्र माहेश्वरी, एससी शर्मा, मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर के प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष विवेक रूसिया, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर के न्यायाधिपति आनंद पाठक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उन्होंने पैरा लीगल वॉलंटियर्स एवं पैनल अधिवक्ताओं की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधिक सहायता प्रदान करने वाली संस्था एवं विधिक सहायता प्राप्त करने वाले नागरिकों के मध्य पीएलवी सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पैरा लीगल वॉलंटियर्स की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता करें। उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि वर्तमान समय में न्यायालयों को अस्पताल की भांति हर समय कार्य कर जरूरतमंदों को विधिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने विशेष बल देकर कहा कि पैरा लीगल वॉलंटियर्स को विधिक सहायता के जरूरतमंद नागरिकों की स्थानीय भाषा का भी ज्ञान अवश्य होना चाहिए, जिससे वह उनकी पीड़ा सही रूप से समझ सकें। उन्होंने सभी पैरा लीगल वॉलंटियर्स एवं विधिक सहायता प्रदान करने वाले अधिवक्ताओं से निवेदन किया कि वे विधिक सहायता के जरूरतमंद लोगों के साथ एक विश्वास का रिश्ता बनाएं।

इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति माहेश्वरी ने भी सामुदायिक मीडियेशन के माध्यम से निराकृत होने वाले प्री लिटिगेशन मीडियेशन में पैरा लीगल वालेंटियर्स एवं पैनल अधिवक्ता की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सदस्य सचिव मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर सुमन श्रीवास्तव ने किया एवं कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत एवं अन्य अतिथियों का आभार प्रदर्शन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति आनंद पाठक ने किया।

#### नलखेड़ा में भी देखा गया सीधा प्रसारण



सिविल कोर्ट नलखेड़ा में भी पैरा लीगल वालेंटियर्स एवं पैनल लायर्स के लिए आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए न्यायाधीश नितिन सोनी पैरा लीगल वालंटियर राधेश्याम गुर्जर तृप्ति शर्मा द्वारा देखा गया।

# कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने गुरुवार को ग्राम धाबीखेड़ी स्थित लायन इंडिया फेब्रिक, सीहोर मंडी आद्यौगिक क्षेत्र फ्लोर मिल एवं नमकीन फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादन इकाई, सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रबंधन तथा श्रमिक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और मशीनों के सुरक्षित संचालन से संबंधित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रबंधन से कहा कि कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ और मशीनों की नियमित मेंटेनेंस समय-समय पर की जाए। साथ ही, उद्योग परिसर में साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जिले में कार्यरत सभी उद्योगों से अपेक्षा है कि वे गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करें, ताकि औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार एवं स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले। कलेक्टर बालागुरू के. ने प्रबंधन को आवश्यक सुधारात्मक कदम समय पर उठाने के निर्देश दिए और उद्योग में श्रमिक हितों एवं सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा तथा प्रबंधक मनीष आलावा एवं उद्योगों के संचालक उपस्थित थे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### डंपर की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**देवास।** शनिवार को शिप्रा और लोहार पिपलिया के बीच हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। एक डंपर ने बाइक पर सवार परिवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद डंपर सड़क किनारे पलट गया।मृतक महिला की पहचान उज्जैन जिले के पिंगलेश्वर निवासी शबाना पति शाहरुख के रूप में हुई है। बाइक पर सवार कल्लो बी और उनका पौता शाहरुख गंभीर रूप से घायल हो गए। यह परिवार उज्जैन से इंदौर किसी काम से जा रहा था।घायलों का इलाज जारी है। हादसे के बाद डंपर चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि परिवार उज्जैन से इंदौर जा रहा था। रोड क्रॉस करते समय यह हादसा हुआ। परिवार को उज्जैन के रास्ते से ब्रिज से इंदौर जाना था, लेकिन वे नीचे के रास्ते पर आ गए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग (एबी रोड) पर निर्माण कार्य के कारण जगह-जगह डिवाइडर तोड़कर कट पॉइंट बनाए गए हैं।शनिवार को हुआ हादसा भी डिवाइडर पार करने के दौरान ही हुआ। इन कट पॉइंट्स को बंद करने की आवश्यकता बताई जा रही है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### श्रद्धांजलि सभा में उठाई श्रमिकों पर अत्याचार रोकने की मांग

**देवास।** मध्यप्रदेश मिडिया प्रभारी कैलाश वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश इंटक पूर्व अध्यक्ष आर. डी. त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर, साथ ही बाबा साहब अम्बेडकर को भी श्रद्धांजलि अर्पित कर, श्यामसुन्दर यादव मध्यप्रदेश इंटक अध्यक्ष के नेतृत्व में स्मरण कर उनके कार्यों को आत्मसात कर प्रेरणा लेते हुए इंटक ने आन्दोलन कर श्रमिकों पर हो रहे अत्याचार और जुल्म रोकने की सरकार से मांग की गई। इंटक ने कहा कि वह लाए गए चार श्रम कानूनों को रोकने की मांग करते हैं तथा चेतावनी दी कि
देश व प्रदेश के श्रमिकों–कामगारों द्वारा क्रमिक आन्दोलन किया जावेगा, जिससे होने वाली औद्योगिक अशांति की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनी सड़क हुई बदहाल, जिम्मेदार बेखबर

# पांच साल भी नहीं चल सकी सड़क, जगह जगह से उखड़ी, पुलिया भी क्षतिग्रस्त

सीसी रोड़ का उखड़ा मटेरियल, सेफ्टी वॉल रहित बनाई पुलिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

गुराड़दा से झोझकपुरा को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क को महज 5 वर्ष भी अभी पूरे नहीं हुए है और अब यह सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में जमकर लापरवाही बरती गई, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। इस सड़क पर बने नाले की पुलिया को भी तय मापदंडों के अनुसार नहीं बनाया गया है। पुलिया के दोनों ओर सेफ्टी वॉल (सुरक्षा दीवार) नहीं बनाई गई, जिससे बारिश के दौरान पुलिया के किनारों में तेज कटाव हो गया है। इससे पुलिया के धंसने का खतरा भी लगातार बना हुआ है और कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### शिकायत के बाद भी सिर्फ खानापूर्ति





ग्रामीणों की पूर्व शिकायत पर विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन उसके बाद ठेकेदार द्वारा केवल खानापूर्ति करते हुए कुछ पत्थर नाले के किनारे लगा दिए गए और पिलरों पर रंग-रोगन कर इतिश्री कर ली गई। स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ठेकेदार की गारंटी अवधि अब समाप्त होने के करीब है। गारंटी की अवधि मात्र 6 माह की ओर बची है। 5 जून 2026 को यह अवधि खत्म हो जाएगी। यदि इस दौरान सड़क और पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई, तो भविष्य में सड़क की मरम्मत कराना ओर भी मुश्किल हो जाएगा। इससे गुराड़दा, झोझकपुरा सहित आसपास के ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सड़क की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। पुलिया के दोनों ओर सेफ्टी वॉल का निर्माण कराया जाए। गारंटी अवधि के भीतर संपूर्ण सुधार कार्य पूर्ण कराया जाए। प्रधानमंत्री सड़क के सहायक यंत्री संतोष मंशोरे ने बताया कि ठेकेदार का कार्य इस क्षेत्र में चल रहा है 5 से 6 दिन में इस रोड़ की मरम्मत का कार्य हो जाएगा।




### भारतीय बौद्ध महासभा ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

**देवास।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा देवास द्वारा कोषाध्यक्ष अनिल शिंदे के नेतृत्व में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सर्वप्रथम माल्यार्पण कर सामूहिक बुद्ध वंदना ली गई। तत्पश्चात त्रिरत्न बुद्ध विहार, सिद्धार्थनगर इटावा देवास में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन, उनके आदर्श, संविधान के पालन तथा उनके मार्गदर्शन में चलकर जीवन को आगे कार्यान्वित करने का सामूहिक प्रण लिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सलाहकार वासुदेव तायडे, महासचिव संगीता तायडे, लेखा परीक्षक गणेश राव मडामैं, शहर अध्यक्ष हरिभाऊ मोरे, शरद कुमार टोंक जयराम गहलोत, सुनंदा शिरसाट, लता मोरे, प्रमिला दामोदर, राधाबाई वानखेड़े, माया मडामैं, प्रमिला पाटिल, श्रद्धा शिंदे, अमर रायबोले सहित भारी संख्या में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायी उपस्थित थे।

## आत्महत्या मामला: सहायक आबकारी आयुक्त निलंबित

### वीडियो के आधार पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के एक शराब ठेकेदार द्वारा आत्महत्या के पूर्व बनाया गया वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ, जिसके बाद सरकार ने सहायक आबकारी आयुक्त को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो में ठेकेदार ने आरोप लगाए कि उससे पांच दुकानों के साढ़े सात लाख रुपये की प्रति माह डिमांड की थी।सरकार ने शनिवार को पत्र जारी कर सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित को निलंबित कर दिया। पत्र में उल्लेख किया कि समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि एक शराब ठेकेदार ने सुसाइड किया। सुसाइड से पहले उसने वीडियो बनाकर सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

यह आरोप गंभीर है। ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन के दौरान वह ग्वालियर मुख्यालय में रहेंगी। पत्र वाणिज्यकर विभाग की उप सचिव वंदना शर्मा के नाम से जारी किया गया है।शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने 8 नवंबर को आत्महत्या की थी। कारोबारी की आत्महत्या के 27 दिन बाद एक वीडियो सामने आया। इस वीडियो में शराब कोरबारी दिनेश मकवाना ने सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए। सुसाइड से पहले बनाए गए वीडियो में कारोबारी ने कहा- उसकी शराब की पांच दुकानें हैं।

हर दुकान के हिसाब से डेढ़ लाख रुपये मैडम मांग रही हैं। उसने कहा कि मैडम हर महीने साढ़े 7 लाख रुपये मांग रही है। वीडियो के वायरल होते ही आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया था। सीएम डॉ. मोहन यादव सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करते हुए लिखा कि देवास जिले में एक शराब ठेकेदार के आत्महत्या से पूर्व बनाए गए वायरल वीडियो को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए देवास की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

### बसपा कार्यकर्ता डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बड़ी संख्या में पहुंचे महू



**देवास।** बहुजन समाज पार्टी ने शनिवार को महापरिनिर्वाण दिवस बड़े ही सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम के तहत बसपा जिला अध्यक्ष दरियाव सिंह मालवीय के नेतृत्व में भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उज्जैन रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुँचे, जहां सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद विशाल वाहन रैली के रूप में सभी महू के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मदनलाल सोलंकी, बाबूलाल चौहान, रामदयाल वर्मा, मुकेश भिलाल, पूर्व जिला प्रभारी एडवोकेट सुरेश वैद, सत्यवान पाटिल, मजीद खान टेलर, कुतुबुद्दीन, राजेश नागर, बाबूलाल शिंदे, विक्की मालवीय, रामचंद्र फौजी, हेमंत मालवीय, देवेंद्र पंवार, मुकेश मिलाला, प्यारेलाल बंजारे, मुकेश रावत, सुनील घावरी, कल्याणसिंह अंवलावदिया, राजकुमार सोनगररा, रमेश चौहान, महेंद्र चौहान, नंदकिशोर मालवीय और पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पंवार सहित बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। भीमराव अंबेडकर की कर्मस्थली महू पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

## कांग्रेस ने मनाई बाबा भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बाबा साहेब अंबेडकर इस देश के ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने देश के हर वर्ग के लिए काम किया तथा उन्हें अधिकार–संपन्न बनाया। आज हम जिस प्रजातंत्र में स्वच्छंदता के साथ अपनी बात कह पा रहे हैं और स्वतंत्रता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं, वह सब अधिकार बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हमें दिए हैं। उक्त विचार बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस द्वारा उज्जैन चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश के हर वर्ग को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं से उन्होंने कहा कि शिक्षा को अपना अधिकार बनाएं यह किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए उनका आह्वान था। इसी के साथ सभी को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार रूपेश कल्याने ने माना। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, नज़र शेख़, ज्ञान सिंह दरबार, विक्रम मुकाती, डॉ. मंसूर शेख, भागीरथ मालवीय, अनिल गोस्वामी, कल्याण सिंह पवार, निलेश वर्मा, मनोज सांगते, अजय सिंह राजोदा, राजेश राठौर, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, दिलीप सिंह, पंकज धारू, महेंद्र धारू, मदनलाल जेठवा, सुजीत सांगते, श्रीकांत खरे, गुल्लू मंगानी, दीपेश हरोडे, हाफिज घोसी, मोनू चौहान सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिक उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में वार्षिक उत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और कई आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।वार्षिक उत्सव की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य अनंत नागर ने की। इस दौरान पुलिस थाना प्रभारी एस एस मीणा, चिंतेश दुबे, विजय प्रकाश जोशी, बाबूलाल मेसरिया, मोइनुद्दीन कुरैशी, शुभम गोस्वामी और कमलेश मोदी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस वर्ष के कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप, भारतीय संस्कृति और विविध प्रांतों के नृत्यों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने कत्थक भरतनाट्यम, कश्मीरी, पंजाबी, हरियाणवी, मराठी, गुजराती, राजस्थानी एवं दक्षिण भारतीय नृत्यों के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया।विद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अमृता रघुवंशी, रामचंद्र जाट और छात्र आर्यन प्रजापत ने किया। आभार प्रदर्शन दीपक बागेला ने किया।

## होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास से मनाया

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले वालेन्टियर्स को किया पुरस्कृत





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य हर्षोल्लास से मनाया गया। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड देवास ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर रोहन रायकवार प्लाटून कमाण्डर ने किया। द्वितीय परेड कमाण्डर एएसआई माखनसिंह पंवार रहे। परेड मे 04 प्लाटून सम्मिलित रहे, 02 प्लाटून होमगार्ड के एवं 02 प्लाटून सिविल डिफेंस के सम्मिलित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट देवास द्वारा स्वागत भाषण एवं डायरेक्टर जनरल का संदेश वाचन किया।

कलेक्टर सिंह ने होमगार्ड जवानों को जिले में आपदा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई दी एवं आपदा मे होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के फर्स्ट रिस्पाउण्डर की भूमिका की सराहना की।कार्यकम के द्वितीय चरण मे एसडीईआरएफ जवानों द्वारा अग्नि दूर्घटना संबंधित मॉकड्रिल का प्रदर्शन किया एवं आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। सांस्कृतिक कार्यकम एवं यातायात दूर्घटना पर नुक्कड नाटक सॉईनाथ मेमोरियल स्कूल के सिविल डिफेन्स वालेन्टियर शकिल कादरी एवं छात्र-छात्राओ द्वारा किया गया।होमगार्ड विभाग के सैनिकों के चयनित 04 बालक / बालिकाओं को मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदाय किया गया। खेल पुरस्कार में सिविल डिफेन्स वालेन्टियरर्स विजेता टीम को रस्सा कस्सी मे प्रथम एवं किकेट मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शिल्ड प्रदान की गई। म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार प्रिया पाटीदार सिविल डिफेन्स वालेन्टियर्स एवं द्वितीय पुरस्कार लोकेश वर्मा को दिया गया।

इस अवसर पर होमगार्ड एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेन्स वालेन्टियर्स को वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिये पुरस्कृत किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर संजीव जैन एवं अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, तहसीलदार सपना शर्मा, तहसीलदार हरिओम ठाकुर एवं होमगार्ड विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारी / होमगार्ड जवान के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## 23 दिन बाद भी नहीं हुई पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी की नियुक्ति




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

वर्तमान पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत आने वाला पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा बिना प्रभारी के संचालित हो रहा है। यहां पर पदस्थ प्रभारी राकेश नरवरिया को साइबर ठगी के मामले में निलंबित किया गया है जिसके बाद विभाग अभी तक यहां पर प्रभारी की नियुक्ति नहीं कर पाया है। 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद द्वारा कार्रवाई करते हुए नरवरिया को निलंबित किया गया था। जब से ही यह पद खाली है।पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा संवेदनशील क्षेत्र है, इसके बावजूद भी यहां पर प्रभारी की नियुक्ति न होना से कई प्रकार की चर्चाओं के दौर जारी है। पहली बार देखने में आया कि इतने दिनों बाद भी प्रभारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते कहीं ना कहीं प्रभारी की नियुक्तियों में अड़चन आ रही है। पहली बार देखने में आया है कि इतने दिनों के बाद भी उक्त चौकी बिना प्रभारी के चल रही है। एक समय यह था की चापडा में पोस्टिंग के लिए नम्बर लगते थे लेकिन अब बागली के बिगड़े सिस्टम के कारण कोई यहां आना नहीं चाह रहा है। सिस्टम में हस्तक्षेप के चलते अधिकारी भी पोस्टिंग नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद से भी चर्चा करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

**खबर संक्षेप**

### आज होगी बैठक

**ललितपुर।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ क्रांति अध्यक्ष के चुनाव हेतु 7 दिसंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जाने के लिए एक समीक्षा बैठक का आयोजन स्थानीय वन विभाग के प्रांगण में आज होगी। बैठक में संघ की प्रांतीय संघ का अधिवेशन चुनाव पंचवटी परीक्षा गृह वन विभाग मुख्यालय उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ललितपुर वन विभाग से समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की प्रतिबिंब की पंचबटी में किया जाना है। इसको लेकर 7 दिसंबर को अपराह्न 12 बजे ब विश्राम गृह नीम कुटीर में होगी।

### रास्ते में रोककर युवक के साथ की मारपीट



**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम मिदरवाहा मजरा लक्ष्मनपुरा निवासी दिनेश पुत्र मठू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 30 नवम्बर को शाम करीब 7 बजे वह अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 एन. 0341 से अपने घर जा रहा था। वह संदीप की दुकान के पास पहुंचा ही था कि तभी पहले से मौजूद छोटू पुत्र मनोहरलाल कुशवाहा, हेमन्त पुत्र रामफल, काशी पुत्र मुलु कुशवाहा, रचपाल पुत्र कुशवाहा गांव के हैं। छोटू बीच रास्ते में लाठी लिये खड़ा था, उससे अलग हटने को कहा तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां दीं। आरोप है कि इनमें से किसी ने गाड़ी की चाबी निकाल ली, जिसके बारे में पूछने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि हमले में उसकी गर्भवती पत्नी विद्या, भाभी रामकुंवर बचाने आयी तो उनके साथ भी मारपीट की गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शहजाद नदी पर सेतु निर्माण कार्य होने तक आवागमन होगा बंद

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के आजाद चौक-कैलगुवां मार्ग पर शहजाद नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण कार्य को लेकर उप परियोजना प्रबंधक मृगेन्द्र सिंह चौहान ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि आजाद चौक से कैलगुवां मार्ग पर शहजाद नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षा के लिहाज से कार्यों का निर्माण कार्य के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासनादेश से प्राप्त हुयी है। बताया कि कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ किया जाना है, इसके लिए मौजूदा रपटे को तोड़कर उसी स्थान पर कार्य किया जाना है। इसलिए उन्होंने जिलाधिकारी से 2 दिसम्बर से निर्माण कार्य पूरा होने तक यातायात को पूर्ण रूप से बंद करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही।

कमिश्नर, डीएम और पुलिस अधीक्षक ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस सुनी आमलोगों की जनशिकायतें

# भूमि विवादों में राजस्व व पुलिल की संयुक्त टीम मौके पर जाकर कराएं निस्तारण

## कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया, शेष शिकायतें अधिकारियों को सौंपकर त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शनिवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी श्री बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने शहर व ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों की शिकायतों को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया।

उन्होंने एक-एक कर शिकायकर्ताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां पर अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद सम्बंधी आती हैं, इन शिकायतों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन करे और निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। शहर के एक शिकायतकर्ता ने वार्ड नं0-10 में गली में विद्युत पोल शिफ्ट कराने की शिकायत दी, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय को बुलाकर निर्देश दिये गए कि वे मौक पर जाकर स्थिति का जायजा लें और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अवगत करायें। शहर के ही राजपूत कॉलोनी निवासी विन्द्रावन ने कोर्ट पर मामला विचाराधानी होने के बावजूद उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा किये जा रहे निर्माण को रोकने हेतु शिकायती पत्र दिया, जिस पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को स्थल पर जाकर दोनो पक्षों के बीच आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम जीरोन निवासी वृद्धा ऊषा ने भी उनके मकान पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की, मण्डलायुक्त ने वृद्ध महिला को अपने समीप बुलाकर उनकी पूरी बात सुनी और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता के साथ जाकर प्रकरण का निस्तारण करायें। शहर की शिकायतकर्ता गीता के द्वारा लगभग 6 माह पूर्व पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना का फार्म भरने व सभी दस्तावेज जमा करने के बावजूद अभी तक लाभ न मिलने की शिकायत पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को लम्बित आवेदन को निस्तारित करने के निर्देश दिये। सिवनीखुर्द निवासी दिव्यांग मेहरवान सिंह ने ट्राईसाइकिल की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को प्रकरण की जांच कर दिव्यांग को लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गए।

***आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न शिकायतें प्राप्त हुईं:-***

- *तहसील ललितपुर में कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 26, पुलिस विभाग के 06, विद्युत के 08, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील तालबेहट में कुल 62 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, विकास के 06, पुलिस के 27, विद्युत के 03, पूर्ति 09 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील मड़ावरा में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 03, सिंचाई के 02 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील महरौनी में कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, पुलिस के 05, पूर्ति के 03, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील पाली में कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुॅवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचन्द्र मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

कई वर्षों से कार्यवाहक प्रधानाचार्या से काम ले रहा शिक्षा विभाग

# स्थाई प्रधानाचार्या के लिए तरस रहा है जीजीआईसी ललितपुर

**रालोद ने लगाए वर्तमान प्रधानाचार्या पर गंभीर आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राष्ट्रीय लोकदल ललितपुर के नगर अध्यक्ष ने मंडलायुक्त के भेजे एक शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में कई वर्षों से प्रधानाचार्या का पद रिक्त चल रहा है। वर्तमान में जो प्रधानाचार्या चार्ज लिए है। उनका मूल विद्यालय कोई दूसरा है। इसलिए यहां पर भी चार्ज होने के कारण उनके मूल विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

पत्र में आरोप है कि विद्यालय में चपरासी के पद पर होने के बावजूद चपरासी से क्लर्क/बाबू का कार्य कराया जा रहा है। जबकि उक्त विद्यालय में कई वरिष्ठ लिपिक उपलब्ध है। जो कि यह गंभीर जांच का विषय भी है। आरोप है कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में पीटीए शिक्षक संघ के खाते से बहुत भ्रष्टाचार किया गया है और वर्तमान में किया जा रहा है। यहां पर शिक्षक एवं कर्मचारियों के आने जाने का कोई समय निश्चित नहीं है कोई जब चाहे आ सकता है और जा सकता है। उक्त विद्यालय में वार्षिक उत्सव के नाम पर छात्राओं से अवैध वसूली तक के आरोप लग चुके है। जिससे सरकार की स्वच्छ छवि पर बुरा प्रभाव पड़ता है पत्र में यह भी आरोप है कि वर्तमान में चार्ज लिए हुए प्रधानाचार्या मुख्यालय पर नहीं रहती है। बिना किसी वैध आदेश के मुख्यालय छोड़ देती है जो कि शासनादेश का उल्लंघन है। वर्तमान में चार्ज लिए हुए प्रधानाचार्या का राजनीतिक दबदबा होने के कारण इन पर शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। अगर कोई इनकी शिकायत करता है तो शिकायतकर्ता पर ही झूठे आरोप लगाकर उसको दबाने का प्रयास किया जाता है या दबा दिया जाता है।

यह भी आरोप है कि वर्तमान में जो प्रधानाचार्या चार्ज लिए है उनपर पूर्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पत्रांक संख्या 513 वित्तीय वर्ष 2021-22 में वित्तीय अनियमितता के आरोपों की जांच तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक रामशंकर के द्वारा कराई गई थी जिसमें इन पर लगे, आरोपों की पुष्टि भी हुई थी। लेकिन आज तक इन पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है जो कि चिंता का विषय भी है कि आखिर क्या कारण है कि आरोप सिद्ध होने के बावजूद भी आज तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं हो पाई है। यह भी आरोप है कि इनके द्वारा सरकारी धन का गबन भी किया गया है और इनके ऊपर लगे आरोपों की जांच की खबर एक समाचार पत्र पब्लिक व्यू में दिनांक 13 मार्च 2022 दिन रविवार को प्रकाशित भी हुई थी जिसकी छायाप्रति भी उपलब्ध है। यह भी आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में इनको कारण बताओ नोटिस तक जारी किए गए है दिए गए पत्र में ये भी बताया गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा जनसूचना के माध्यम से कुछ सूचनाएं भी चाही गई है। लेकिन अभी तो कोई सूचना प्राप्त नहीं हो पाई है जो कि शासनादेश के आदेश का उल्लंघन भी है। जबकि शासन द्वारा पारदर्शिता दिखाते हुए जनसूचना हेतु ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। लेकिन इनके द्वारा उसका भी मजाक बनाया जा रहा है। यह भी जांच होनी चाहिए. कि उक्त प्रधानाध्यापिका के ऊपर पूर्व से लगे वित्तीय आरोपों के सिद्ध होने के बावजूद भी इन्हें ललितपुर में चार्ज क्यों दिया गया, जो कि यह भी गम्भीर जांच का विषय है। ये भी आरोप है कि इनके द्वारा जितने भी भुगतान किए गए है। उनकी भी जांच कराने की कृपा करें। क्योंकि इनके द्वारा किए गए भुगतान पर कोई भी टैक्स नहीं दिया गया है। इनकी एवं संबंधित भुगतान किए गए फर्म की सांठ गांठ से फर्म ने भी टैक्स चोरी की है और वर्तमान में भी की जा रही है। यह भी आरोप है कि उक्त अध्यापिका जनपद में लगभग 20 वर्षों से पदस्थ है। इसलिए इनकी पकड़ मजबूत बनी हुई है। इनका गैर जनपद स्थानांतरण होना बहुत जरूरी है तभी इनकी पकड़ की कमजोर किया जा सकता है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष निवास पहुंची तालबेहट में महिला आयोग की अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**तालबेहट।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान का पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के निवास पर आगमन हुआ। आगमन पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुक्ता सोनी एवं महिला मंडल द्वारा बुके भेंट कर एवं माला पहना कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सत्कार किया गया। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान जी ने महिला सशक्तिकरण, न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है। इस अवसर पर उनके साथ आईं राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल जी का भी बुके भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा लक्ष्मी शर्मा, प्रधान तुर्का कु. पूजा रायकवार (एड.), आदर्श ग्राम पवा की पूर्व प्रधान ज्योति मिश्रा, पार्षद अर्चना सोनी, पार्षद सीमा पारिया, जिला कार्यालय प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा कु. प्रियांशी चतुर्वेदी, नूतन लिटौरिया, किरण शिवहरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कस्बा बांसी में लायंस क्लब संगम बांसी के तत्वाधान में उ.प्र.महिला आयोग की अध्यक्षा लायन संगीता सिंह के प्रथम बार ललितपुर आगमन पर डा. जितेन्द्र जैन के नेतृत्व में स्वागत किया। अध्यक्षा द्वारा असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किये गए। अध्यक्षा ने कहा कि महिलाओं को जागृति एवं समाज में सेवा सदभाव के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर ला.कुं.हरिसिंह बुंदेला, हरिकिशन झा प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान बांसी प्रेम देवी झा, ला.विक्रम सिंह बुंदेला, ला.उमेश शर्मा, प्रेक्षा जैन, ला. विवेक गुप्ता, प्रिन्सी राजा, शैलेन्द्र झा, सावन सोनी, ला.राघवेंद्र यादव, ला. कृष्णगोपाल सोनी, शैलेन्द्र चौबे एड., सतीश पस्तोर, प्रदीप जैन बंटी, प्रमोद नायक, अमित झा, नरेश सरावगी, अर्जुन सिंह बुंदेला, हुकुम जैन, अनिल चौबे, सुमन रैकवार, सौरभ साहू, प्रिंस बुंदेला, रोहित राजा, मनोज अहिरवार आदि मौजूद रहे।

### कस्बा बांसी में महिला आयोग की अध्यक्ष का किया भव्य स्वगात



**ललितपुर।** कस्बा बांसी में लायंस क्लब संगम बांसी के तत्वाधान में उ.प्र.महिला आयोग की अध्यक्षा लायन संगीता सिंह के प्रथम बार ललितपुर आगमन पर डा. जितेन्द्र जैन के नेतृत्व में स्वागत किया। अध्यक्षा द्वारा असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किये गए। अध्यक्षा ने कहा कि महिलाओं को जागृति एवं समाज में सेवा सदभाव के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर ला.कुं.हरिसिंह बुंदेला, हरिकिशन झा प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान बांसी प्रेम देवी झा, ला.विक्रम सिंह बुंदेला, ला.उमेश शर्मा, प्रेक्षा जैन, ला. विवेक गुप्ता, प्रिन्सी राजा, शैलेन्द्र झा, सावन सोनी, ला.राघवेंद्र यादव, ला. कृष्णगोपाल सोनी, शैलेन्द्र चौबे एड., सतीश पस्तोर, प्रदीप जैन बंटी, प्रमोद नायक, अमित झा, नरेश सरावगी, अर्जुन सिंह बुंदेला, हुकुम जैन, अनिल चौबे, सुमन रैकवार, सौरभ साहू, प्रिंस बुंदेला, रोहित राजा, मनोज अहिरवार आदि मौजूद रहे।

### दोष सिद्ध होने के बाद महिला ने किया विषाक्त का सेवन, हालत गंभीर

**ललितपुर।** न्यायालय में एक हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने के बाद एक महिला आरोपी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह घटना अपर जिला सत्र न्यायालय (एससीएसटी एक्ट स्पेशल न्यायालय) में हुई।

न्यायालय ने महिला के बेटे, बेटी सहित चार अन्य आरोपियों को भी जेल भेज दिया है। यह मामला 2 साल पहले 17 सितंबर को कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू नगर मोहल्ले में युवक किशन की हत्या से संबंधित है। इस मामले में गेंदा बाई (60), उसकी बेटी अशर्फी, बेटा बबलू, सुरेंद्र और द्रोपाल आरोपी थे। सुनवाई के दौरान जब आरोपियों पर दोष सिद्ध हो गया और न्यायालय ने उन्हें हिरासत में लेने के निर्देश दिए, तभी आरोपी महिला गेंदा बाई ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान आरोप सिद्ध होने पर महिला सहित सभी पांचों आरोपियों को कस्टडी में लेने के निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान गेंदा बाई ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला गेंदा बाई ने स्वयं बताया कि वह न्यायालय में सल्फास की गोलियां ले गई थी और उसने उन्हीं गोलियों का सेवन किया है। बता दें दो साल पहले कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर नेन्सी गार्डन के पीछे निवासी किशन (22) पुत्र पन्नालाल अहिरवार के साथ 17 सितम्बर 2023 की रात 9 बजे की है। मोहल्ले के ही निवासी दो महिलाओं सहित 6 से अधिक लोगों ने उसके साथ बेरहमी से लाठी डंडों से मारपीट की थी।

### पिता संदिग्ध हालात में घायल मिला

#### पुत्र ने प्रकरण की जांच कराये जाने की उठायी मांग

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम भरतपुरा निवासी भूपेन्द्र पुत्र फूलसिंह सहरिया ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को कलेक्ट्रेट सभागार में एक शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में उन्होंने बताया कि उनके पिता फूलसिंह ग्राम डोंगराकलां में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत हैं, जिसके एवज में उन्हें केनरा बैंक के खाते में मासिक पारिश्रमिक प्राप्त होता है। उनके पिता के लिए नेहरू नगर निवासी एक दो लोगों द्वारा करीब तीन-चार साल पहले 70 हजार रुपया उधार लिया गया था, जिस कारण उक्त व्यक्तियों द्वारा उनके पिता की पासबुक, एटीएम, चैकबुक अपने पास रखे हुये हैं और कहा गया कि वेतन की राशि आने पर उक्त राशि निकाली जायेगी, उधार पूरा होने के बाद उक्त दस्तावेज वापस किये जायेंगे। आरोप है कि उसके पिता की एटीएम, पासबुक व चैकबुक से लगातार राशि की निकासी की जा रही है। आरोप है कि 29 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे उसके पिता ने मां के लिए फोन कर बताया कि वह कागजात लेने उक्त लोगों के पास जा रहा है, लेकिन उसके बाद पिता घर वापस नहीं आये। शाम करीब 7 बजे उन्हें फोन आया कि उसके पिता जिला अस्पताल में भर्ती हैं, उन्हें चोटें आयीं हैं, जिस पर वह अपनी मां को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां जाकर देखा कि उनके पिता की हालत काफी खराब थी, जिसके बाद उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया।

**जिला न्यायालय परिसर में हुई विचार गोष्ठी**

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतरत्न संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा डा.अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के महान पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और शिक्षा का संदेश देता है। उन्होंने भारत को समानता और अधिकारों का मजबूत आधार दिया। आज हमें उनके विचारों को व्यवहार में अपनाने की आवश्यकता है। इस दौरान विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष एड. ने कहा बाबा साहेब ने यह सिद्ध किया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि संकल्प दृढ़ हो तो सफलता निश्चित है। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। शिक्षा उनका सबसे बड़ा हथियार था और आज भी वही समाज को प्रगति की राह दिखा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा डा.अंबेडकर ने सामाजिक समानता की जो नींव रखी, वह आज भी हमारे लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। आज जरूरत है कि हम उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज को एकता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाएं। वहीं जानकी प्रसाद बौद्ध ने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहेब के विचार केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा था कि कोई भी समाज तब तक महान नहीं बन सकता जब तक वह अपने कमजोर वर्गों को सम्मान और अवसर नहीं देता। महापरिनिर्वाण दिवस हम सबके लिए सिर्फ़ स्मरण नहीं, बल्कि संकल्प का दिन होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर डा.अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान अशोक कुमार त्रिपाठी एड., ओमप्रकाश घोष एड., जगदीश सिंह लोधी एड., हरदयाल सिंह लोधी एड., अंकित जैन एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकीप्रसाद बौद्ध एड., महेंद्र कुमार पाराशर एड., रवि श्रीवास्तव एड., मुकेश कटारे एड., अवतार लोधी एड., शेरसिंह यादव एड., विकास झा एड., आकाश झा (गोल्डी) एड., अशोक कुमार वर्मा एड., अखिलेश राय एड.आदि शामिल थे।

बाल विवाह न करने के लिए दिलाई शपथ, कई जानकारी दी गई

# छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा की दी जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



संस्था सोसायटी फॉर प्रगति भारत ललितपुर द्वारा, किसान इंटर कॉलेज बिरधा में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हो रही ऑनलाइन डिजिटल हिंसा के बारे में विस्तार से बताया गया। संस्था की कार्यकर्ता श्रीमती राजकुंवर जी ने बालिकाओं को बताया की आज से 15 से 20 साल पहले ऐसा जमाना था कि लोगों को अगर किसी पर्सन के पास अपनी बात को पहुंचाना है या किसी वस्तु को भेजना है तो उसको या तो और डाक सेवा का सहारा लेना पड़ता था या फिर स्वयं उस व्यक्ति को उस पर्सन तक जाना होता था लेकिन जब से यह सोशल मीडिया का जमाना आया तो सब कुछ आसान हो गया है। जैसे किसी पर्सन तक अपनी बात को आसानी से पहुंचाना। संबंधित डाटा का आदान-प्रदान करना, बिल पेमेंट करना, शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ोतरी, पर्सनल डाटा की सेविंग करना, इन सब में हमने सरल और सहज महसूस किया। लेकिन इसका कुछ लोगों ने सही उपयोग न करके गलत उपयोग करना शुरू किया जैसे इंस्टाग्राम आईडी, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक आदि अकाउंट बनाना और इनके जरिए वह सारे क्राइम्स करना। किसी की पर्सनल आईडी हैकिंग करना, फेक आईडी बनाकर किसी के पर्सनल डिटेल को रखकर उसे ब्लैकमेल करना, किसी के अकाउंट से पैसे चुराना, बच्चियों के साथ छेड़खानी करना, उनका यौन उत्पीड़न करना, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ित करना या फिर ऐसे कार्य के लिए प्रोत्साहित करना जिसमें वह अपने आप को असहज महसूस करें। इसलिए आप लोगों से यही आग्रह है कि अगर ऐसी स्थिति या समस्या का सामना होता है तो आप सबसे पहले अपने परिवार के सदस्यों को बताएं ताकि वह भारत सरकार के द्वारा दिए गए सभी कानून से सोशल मीडिया के अपराधियों को कानून के हवाले कर सके और आत्महत्या करने वाले अपने मासूम बच्चों को बचा सके। जिसके लिए हमारे भारत सरकार ने टोल फ्री नंबर दिए हैं जैसे की 1091 1098 1099 और 1930 जिस पर अपनी सुविधा के अनुसार बात कर सकती हैं यह नंबर आपकी गोपनीयताओं को बनाए रखते हैं। उसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री केपी सिंह बुंदेला ने जिले में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य ललितपुर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है और संस्था ने इस मुहिम को आगे बढ़ने का कार्य किया है उसके लिए मैं संस्था का धन्यवाद करता हूं साथ ही समस्त बच्चों से अनुरोध करता हूं की कोई भी बच्ची या बच्चा बाल विवाह न करे क्योंकि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। और अगर किसी बच्चे या बच्ची का बाल विवाह होता है तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की अनुसार विवाह करने वाले अभियुक्त पर 1 लाख का जुर्माना या 2 साल तक की जेल हो सकती है। साथ ही कार्यक्रम का संचालन कर रहे रामकिशोर गौतम ने बाल विवाह के मुद्दे को आगे बढ़ते हुए कहा की बाल विवाह एक बहुत बड़ी कुप्रथा है जो वर्षों से चली आ रही है इसको समाप्त करने के लिए हमारी संस्था निरंतर प्रयास करती रहेगी और 2030 तक हम बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का काम करेंगे क्योंकि इससे होने वाले दुष्परिणाम बच्चों को देखने को मिल रहे हैं।

## आउटसोर्स और कंवेंस के पैसों में करोड़ों के घोटाले पर एमपी डब्ल्यूएलसी की चुप्पी

# सरकार को चूना लगाने वालों पर कब होगी विभागीय कार्रवाई ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एमपी वेयरहाउस कार्पोरेशन के ब्यावरा वेयरहाउस में आउटसोर्स में बिना काम के वेतन देने का मामला हो या फिर कर्मचारियों को वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस तक जाने के लिए मिलने वाले पट्रोल का मामला हो विभाग ने ऐसी चुप्पी साधी की जिला कलेक्टर की जांच में भी घोटाला प्रमाणित होने के बाद आउटसोर्स में वेतन घोटाला करने वाले अभी भी वेयरहाउस में काम कर शोभा बडा रहे है उन पर कोई विभागीय कार्रवाई नहीं हुई है।

इसके बाद कन्वेंस के लिए मिलने वाले पटोल में का भी घोटाला सामने आया जिसमें कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर करके प्रबंधक व उनके सर्पोटिंग स्टॉफ ने सरकारी पैसों की बंदरबांट कर ली और काम करने वाले कर्मचारियों तक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि किस तरह की अनियमितता ब्यावरा वेयरहाउस में चल रही है और विभाग चुप्पी साधे बैठा है।


वेयरहाउस कर्मचारियों से बताया - सालों से नहीं मिला वेयरहाउस जाने का कन्वेंस

कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गई पेट्रोल व्यय की राशि

विडम्बना: प्रबंधक द्वारा सालों से हर महीने निकाले जा रहा सरकारी पैसा

प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बनाने में दिखे असमर्थ

वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक

जांच हुई तो वित्तीय अनियमितता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम

### जिला प्रबंधक वेयरहाउस ने जांच में दिए थे कई फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम

राजगढ जिला प्रबंधक वेयरहाउस बीडी सगर ने जिला कलेक्टर के आदेश के बाद फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों की जाचं में कई लोगों को फर्जी पाया परंतु इसके बाद भी इस मामले का आउटसोर्स कंपनी से मास्टर माइंड विभाग में उसी पद पर तैनात है ऐसे में विभाग की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रबंधक वेयरहाउस ने जांच में 12 से अधिक कर्मचारियों को पाया था अवैध रूप से वेतन पाने का दोषि फिर कार्रवाई कहां रूक रही है यह यक्ष प्रश्न है।

### एमपी वेयरहाउस रीजनल मैनेजर ने भी बनाई दूरी

ब्यावरा वेयर हाउस की मैनेजर दीप्ती सिंह एवं रीजनल मैनेजर राजेश अग्रवाल को कई बार फोन करने के बाद भी उन्होंने विभाग की कार्रवाई से अवगत नहीं करवाया। इससे संभावना प्रबल हो जाती है कि ब्यावरा वेयरहाउस के घोटालेबाज और रीजनल मैनेजर की सांठगांठ से ही करोड़ों के घोटाले संभव हो पाया है।

**इनका कहना है...**

हमने जांच टीम बनाकर भेजी थी उसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मैं आपको कुछ बता सकता हूं।

बृजेश सक्सेना,
अतिरिक्त प्रबंध संचालक भोपाल

## शिवधाम कॉलोनी में रहवासियों ने मीटरों के लिए नीचे चिपकाए


# ब्यावरा के बाद अब राजगढ़ में भी स्मार्ट मीटरों को आमजन पर थोपने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लोगों के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध राजगढ़ मुख्यालय पर भी शुरू हो चुका है। विभाग द्वारा ब्यावरा में स्मार्ट मीटरों के विरोध में हुए प्रदर्शन के बाद राजगढ़ की शिवधाम कॉलोनी के लोगों ने अपने-अपने घरों में मीटरों के नीचे पर्चे चिपकाए हैं। उक्त पर्चों में स्पष्टतः लिखा हुआ है कि 'बिना अनुमति लिए स्मार्ट मीटर न लगाए अन्यथा कानूनी कार्यवाही के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे'। इस तरह के पर्चे एक घर में नहीं बल्कि कई घरों में चिपके नजर आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पुराने मीटर और स्मार्ट मीटरों में कोई फर्क ही नहीं है तो जबरन उन्हें आम जनता पर क्यों थोपा जा रहा है।

### पहले अन्य जिलों में लगवाएं फिर हमारे यहां

विद्युत विभाग ने जिस दिन से जिले में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की शुरूआत की है उसी दिन से लोगों द्वारा इन मीटरों का विरोध किया जाने लगा है। आमजनों का कहना है कि प्रदेश के अन्य जिलों से स्मार्ट मीटरों के




संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन मीटरों में अत्यधिक रीडिंग आती है। इसी वजह से गुना, राजधानी भोपाल व अन्य जिलों में इन्हें नहीं लगाया गया है। उधर, विद्युत विभाग के अधिकारी स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं के हित से जुड़ा बता रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर भी नजर आ रहा विरोध

नगर के अन्य वार्डों और मोहल्लों के लोगों द्वारा भी स्मार्ट मीटरों को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। नगरवासी इन स्मार्ट मीटरों को अपने घरों में लगाने को कतई तैयार नहीं हैं। बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग द्वारा खुजनेर नगर में भी मीटर लगवाए जाने की शुरूआत की गई थी परन्तु वहां भी विरोध होने पर मीटर लगाने की कार्यवाही रोकनी पड़ी।

### राजगढ़ के वृद्धजन करेंगें उज्जैन महाकाल लोक के दर्शन

*ब्यावरा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था द्वारा शनिवार 6 दिसंबर को राजगढ़ वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को उज्जैन स्थित महाकाल लोक का दर्शन एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह पहल वृद्धजनों के लिए आध्यात्मिक आनंद और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने के उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से विशेष बस की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से वृद्धजन उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि बस को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के दौरान वृद्धजन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे और महाकाल लोक कॉरिडोर की भव्यता का अवलोकन करेंगे।*

## सुदर्शन नगर में साठगांठ से घटिया निर्माण

# इंजीनियर गए छुट्टी पर, ठेकेदार ने डस्ट डालकर किया सड़क निर्माण



**सारंगपुर।** सुदर्शन नगर वार्ड 16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चैथे चरण के तहत 64 लाख 33 हजार रुपए की लागत से बन रही सीसी सड़क भगवान भरोसे बन रही सड़क का कार्य अंतिम चरण में लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार ने उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया अंततः मोहल्ले वाले ने घटिया कार्य की शिकायत एसडीएम को लिखित में की लेकिन गंभीर अनियमितताएँ नहीं थमी स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में खुलकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसे देखनेदृसुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहता। नागरिकों के अनुसार सड़क में डाली जा रही गिट्टी पूरी तरह डस्ट मिश्रित है, जिससे सीसी की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके अलावा सीमेंट, रेत का उपयोग भी निर्धारित मानकों से काफी कम किया जा रहा है। तथा बालू रेत का तो उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा। लोगों का कहना है कि जब-जब सड़क निर्माण में घटिया काम पकड़ा गया, तब नगर पालिका इंजीनियर मौके से गायब रहे या लंबे अवकाश पर चले गए, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार ने मनमानी करते हुए सड़क बना डाली ।

# समय से पूर्व शतप्रतिशत पूर्ण हुआ एसआईआर का कार्य

### राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर को दी बधाईयां



**ब्यावरा-राजगढ़।** जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाने के उपलक्ष्य में गुरूवार को जिले के सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा का स्वागत किया और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस अवसर पर अधिकारियों एवं समस्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि एसआईआर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होना राजगढ़ प्रशासन की प्रतिबद्धता, टीमवर्क तथा समयबद्ध कार्यशैली का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों जिनमें ब्यावरा गोविंद दुबे, खिलचीपुर अंकिता जैन, सारंगपुर रोहित बम्होरे, राजगढ़ निधि भारद्वाज ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा को पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और एसआईआर के सफल क्रियान्वयन में उनके मार्गदर्शन व नेतृत्व की सराहना की।

**जिला प्रभारी ने राजगढ़ जिले के 5 मंडलों के एक साथ प्रवास कर बैठक ली**

# एसआईआर को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एसआईआर 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला राजगढ़ के अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एसआईआर के जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार गुना ने राजगढ़ जिले के पांचो मंडलों के एक साथ प्रवास कर बैठके लिए इस दौरान ब्यावरा विधानसभा में मंत्री जी के कार्यालय पर विधानसभा स्तरीय बैठक का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक को प्रारंभ किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष गुर्जर जिला प्रभारी सिकरवार का स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने दुपट्टा पहन कर किया इस दौरान एस आई आर के जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तक का काम तो हम सपने बहुत अच्छी तरह करते किया है लेकिन अब 16 तारीख के बाद हमको हर बूत पर विशेष ध्यान देना होगा जो नाम मतदाता सूची में नए प्रशासन के दौरान



आएंगे उन सभी को चिन्हित करके जो गलत नाम उसमें जुड़ गए हैं उसे हटाने का काम अब हमको करना है और समीक्षा करना है मृतक व्यक्ति के नाम डबल से तो नहीं है क्या किसी व्यक्ति के नाम डबल तो नहीं है इसका भी हमको पूरा ध्यान देना है,। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तक हमारे सभी पार्टी के बीएलओ ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है।,बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी नारायण सिंह सालरिया खेड़ी ने किया आभार भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने किया इस दौरान उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव,भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण डांगी वरिष्ठ भाजपा नेता मानसिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया जयेंद्र गुर्जर बलवंत सोंधिया कल्याण सिंह गुर्जर मंडल प्रभारी इंदर सिंह लववंशी महामंत्री हरिओम डांगी सुमित सोलंकी आदि मौजूद थे।

# विश्व गीता स्वाध्याय मंडल ने किया वार्षिक उत्सव आयोजित



**जीरापुर।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वाधान मे संचालित सांदीपनी गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव व गीता जयंती कार्यक्रम डग रोड बालाजी मंदिर पर सम्पन्न हुआ। जहां पर मंचासीन मुख्य अतिथि रामानुज कोट उज्जैन पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज, जटाशंकर महादेव मंदिर खारपा संत स्वामी रामाश्रय जी महाराज, स्वामी सत्यानंद त्यागी जी महाराज, नारायण प्रसाद उपाध्याय तीर्थ पुरोहित उज्जैन, स्वामी घासीराम जी महाराज अंजनीलाल मंदिर संडावता उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व भगवत गीता का पूजन अर्चन , दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वाध्याय मंडल द्वारा गीता स्वाध्याय की संगीतमय प्रस्तुति देकर गीता के उपदेश सुनाए गए। संस्था द्वारा 19 वर्षों से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गीता के ज्ञान को स्वाध्याय के रुप में प्रवाहित कर जन जन तक गीता के उपदेश को पहुंचाया जा रहा है। गीता जयंती एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सुबह बाइक रैली निकली गई जो नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए डग बालाजी मंदिर पहुंची। इसमें जिला संयोजक दिनेश चंद्र नागर, कार्यक्रम आयोजक खेमचंद सोनी, मंडल के अध्यक्ष घनश्याम भिलाला, शिवनारायण मंडलोई, नरवरसिह पंवार, ललीत जोशी आदि मौजूद थे।

# रेडक्रॉस सेवा कार्यों से प्रभावित हुए, किया आर्थिक सहयोग

**नरसिंहगढ़।** नगर के वरिष्ठ अभिभाषक एवं समाजसेवी दामोदर उदावत द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर संस्था को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। शुक्रवार को न्यायालय परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 5,151 की राशि का चेक भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा को सौंपा। उदावत ने इस अवसर पर कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य हमेशा मानवता की सेवा करना रहा है।

संस्था द्वारा आपदा प्रबंधन, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जरूरतमंदों की सहायता, तथा आपातकालीन स्थितियों में राहत कार्य जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे लगातार प्रयास प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर सक्षम नागरिक को इन मानवीय सेवाओं में अपना योगदान देना चाहिए, ताकि अधिकाधिक जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे-से-छोटा सहयोग भी किसी



के लिए जीवनदायी सिद्ध हो सकता है। रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने उदावत के इस योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अभिभाषक एवं समाजसेवी वर्ग का इस प्रकार आगे आना संस्था के लिए उत्साहवर्धक है। इस प्रकार की आर्थिक सहायता से संस्था को विभिन्न सेवा गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने में सहूलियत मिलती है। आगामी दिनों में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जनहित में कई नई पहल शुरू करने की योजना भी साझा की गई।

न्यायालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कई अन्य अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने श्री उदावत की इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अक्षय शर्मा सचिव सचिन सक्सेना, अभिभाषक गण मनीष शर्मा, ललित शर्मा, कैलाश यादव, संजय साहू, धर्मेंद्र गहलोत , सतीश बिहानी, सरिता जाटव सहित परिभाषित संघ के सदस्य गण उपस्थित रहे । सभी सदस्यों ने जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा वर्तमान में किया जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की एवं भविष्य में सेवा कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प भी लिया।

# विश्व विकलांग दिवस पर खेल गतिविधियों का किया आयोजन



**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस पर खेल गतिविधियों का आयोजन जिला स्तर पर हुआ,जिसमें विद्यालय के छात्र कृष्णा यादव पिता श्याम बाबू यादव ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान,चेयर रेस में प्रथम स्थान एवं गोला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं खुजनेर का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और पूर्व विधायक रघुनंदन जी शर्मा द्वारा सभी निर्णायक खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्र कृष्णा यादव को विद्यालय परिवार द्वारा प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया एवं मंगलमय बधाइयां दीं गई तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य मनोहर जायसवाल, रामप्रसाद वर्मा, कन्हैयालाल दांगी, बृजेश कुमार शर्मा, ज्योति यादव,नानका कनेश, राधेश्याम शर्मा, खेल शिक्षक इंद्रनारायण श्रीवास, ईश्वर सिंह खींची, सत्यनारायण प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# मालवा खेल महाकुंभः अंचल की प्रतिभा निखारने खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच




**ब्यावरा।** एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं प्रोत्साहन देने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ष्मालवा खेल महाकुंभष का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता सभी ब्लॉकों में 20 से 28 दिसंबर तक आयोजित होगी, जिसमें चयनित टीम जिला मुख्यालय पर 8 जनवरी से 12 जनवरी तक 4 जगहों पर आयोजित होंगी उसमें शामिल होंगी।

जिसका पंजीयन 15 दिसंबर 2025 तक होगा।अकादमी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कबड्डी, फुटबॉल वालीबॉल, बास्केटबॉल , खो खो और एथलेटिक्स 100 मी, 200 मी, 400 मी लॉन्ग जंप , हाई जंप , ज्वेलिंग थ्रो , शॉट पुट, डिस्क थ्रो के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे।यहां दो वर्ग में अंडर 14, अंडर 19 एज ग्रुप में बालक बालिका में भाग लेंगे।एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी का कहना है कि इन खेलों का मकसद राजगढ़ के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देना, स्पोर्ट्समैनशिप की भावना को मजबूत करना और युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। राजगढ़, जो पहले से ही खेल प्रतिभा का गढ़ माना जाता है, एक बार फिर इन खेल महाकुंभ के जरिए खेलों में अपनी श्रेष्ठता साबित करने को तैयार है।

## शासन के आदेश पर नपा परिषद भारी, 15 दिन की सूची होगी तैयार

# 2016 के 110 कर्मचारी हटाकर पुनः कार्य पर रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद सारंगपुर में वर्ष 2016 के बाद से कार्यरत 110 अंशकालीन दैनिक श्रमिक कर्मचारियों को वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 28 मार्च 2000 एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र 08 अक्टूबर 2025 के निर्देशानुसार हटाया गया था। कर्मचारियों की अचानक हुई इस छटनी के विरोध में स्वच्छता शाखा के 46 कर्मचारियों सहित सफाई कर्मियों ने 28 नवंबर 2025 से काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी। लगातार समझाइश और वार्ता के प्रयासों के बावजूद कोई समाधान सामने नहीं आया, जिसके चलते नगर में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। एक सप्ताह तक नगर भर में कचरा जमा होने से नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति गंभीर होती देख बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित बम्होरे, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे ने हड़ताल स्थल पर पहुंचे और सफाई कर्मियों से विस्तृत चर्चा की। लंबे संवाद के बाद 46 अंशकालीन दैनिक श्रमिकों को कार्य की निरंतरता के आधार पर पुनः काम पर रखने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद हड़ताल समाप्त हुई और नगर में सफाई व्यवस्था बहाल होने लगी।

इसी विषय पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के




लिए शुक्रवार को एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी शाखा प्रभारी वास्तविक आवश्यकता के आधार पर अंशकालीन दैनिक श्रमिकों की सूची 15 दिवस में तैयार कर एसडीएम एवं सीएमओ को प्रस्तुत करेंगे। सूची की शुद्धता एवं जिम्मेदारी शाखा प्रभारियों की रहेगी और गलत नाम पाए जाने पर वेतन की वसूली भी संबंधित प्रभारी से की जाएगी। इसके साथ ही नगरपालिका में कार्यरत नियमित कर्मचारियों का तर्कसंगत कार्य विभाजन कर उनसे निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करवाने पर भी सहमति बनी। अंत में परिषद ने निर्णय लिया कि सफाई कर्मियों सहित 110 अंशकालीन कर्मचारियों की वास्तविक छंटनी के बाद तैयार प्रस्ताव अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा। अब देखना यह हैं अंशकालीन 110 कर्मचारी कितने ईमानदारी से कार्य करते हैं और कितने घर बैठकर जनता के पैसे से मजे लेते हैं।